भारत सरकार

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय

राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र, हिमाचल प्रदेश, शिमला

# हिंदी समिति की बैठक, एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला एवं हिंदी संगोष्ठी का आयोजन

दिनांक: 17-फरवरी-2026

राजभाषा हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने एवं सरकार की राजभाषा नीति के प्रति अनुकूल वातावरण बनाने के उद्देश्य से केंद्र सरकार के अंतर्गत आने वाले सभी कार्यालयों में वर्ष की प्रत्येक तिमाही में हिंदी कार्यान्वयन समिति की बैठक, हिंदी कार्यशाला एवं हिंदी संगोष्ठी का आयोजन अपेक्षित है।

उक्त उद्देश्य हेतु राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र, हिमाचल प्रदेश में वित्त वर्ष 2025-26 की अंतिम तिमाही (01-जनवरी-2026 से 31-मार्च-2026) के दौरान, एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन दिनांक 17-फरवरी-2026 को किया गया, तथा कार्यालय की हिंदी कार्यान्वयन समिति की बैठक एवं हिंदी संगोष्ठी का आयोजन भी इसी दिन किया गया। जिसमें राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र, हिमाचल प्रदेश के अंतर्गत आने वाले सभी कार्यालयों के उपस्थित समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। समस्त जिला केंद्रों तथा अन्य कार्यालयों के समस्त अधिकारी व कर्मचारी वीडियो सम्मेलन के माध्यम से कार्यशाला की बैठक में उपस्थित हुए।




श्री अजय सिंह चैहल जी, उपमहानिदेशक एवं राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी हिंदी कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए


हिंदी कार्यशाला के आयोजन की सूचना पूर्व में ही समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ईमेल के माध्यम से दे दी गयी थी।

### हिंदी समिति की बैठक

सर्वप्रथम कार्यालय की हिंदी कार्यान्वयन समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें समिति के अध्यक्ष श्री अजय सिंह चैहल जी एवं समिति के चारों सदस्यों श्री संजय शर्मा, श्री विनोद कुमार गर्ग, श्री बलवान सिंह एवं श्री दीपक कुमार ने भाग लिया। समिति की बैठक में राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र, हिमाचल प्रदेश राज्य कार्यालय एवं इस कार्यालय के अंतर्गत समस्त अधीनस्थ कार्यालयों में राजभाषा के प्रयोग की समीक्षा की गयी एवं यह पाया गया कि राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी जी के मार्गदर्शन में राज्य कार्यालय एवं सभी अधीनस्थ कार्यालयों में सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा कार्यालय में हिंदी का प्रयोग अधिक से अधिक किया जा रहा है।

### हिंदी कार्यशाला

हिंदी समिति की बैठक के पश्चात् एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन पूर्व निर्धारित समयानुसार कार्यालय के वीडियो सम्मेलन कक्ष में पूर्वाह्न् 10:30 बजे आरम्भ किया गया। जिसमें राज्य कार्यालय एवं समस्त अधीनस्थ कार्यालयों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया तथा जिला एवं अन्य कार्यालयों के अधिकारियों व कर्मचारियों ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भाग लिया। हिंदी कार्यशाला के आरंभ में राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी महोदय द्वारा राजभाषा हिंदी को बढ़ावा देने के लिए समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया एवं राजभाषा हिंदी के महत्व पर प्रकाश डाला।





**हिंदी कार्यशाला के दौरान अधीनस्थ कार्यालयों के अधिकारी व कर्मचारी वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से भाग लेते हुए**

### राजभाषा हिंदी के माध्यम से “भाषा और संस्कृति का अटूट संबंध” पर व्याख्यान

श्री पंकज, आशुलिपिक ग्रेड 'डी' द्वारा “भाषा और संस्कृति का अटूट संबंध” विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। जिसमें उन्होंने भाषा एवं संस्कृति के सम्बन्ध को विस्तार से बताया, तथा इस पर भी प्रकाश डाला, कि विविधता में एकता को भाषा एवं संस्कृति के माध्यम से कैसे मजबूत किया जा

सकता है। आगामी कार्यशाला के दौरान विषय विशेष पर व्याख्यान प्रस्तुती की कड़ी को आगे बढ़ाते हुए श्री विनोद कुमार गर्ग व्याख्यान प्रस्तुत करेंगे।






हिंदी कार्यशाला के दौरान व्याख्यान प्रस्तुत करते हुए श्री पंकज

### मोबाइल ऐप के माध्यम से बहुविकल्पीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

इसके पश्चात 'हिंदी-बोध' मोबाइल ऐप के माध्यम से दो प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें हिंदी के सामान्य प्रश्नों के साथ-साथ व्याख्यान में दी गयी जानकारी पर आधारित प्रश्न पूछे गए। प्रत्येक प्रतियोगिता में क्रमशः 12 व 10 प्रश्न पूछे गए, जिसमें 26 प्रतिभागिओं ने भाग लिया तथा दोनों प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं में प्रश्नों के उत्तर देने की समय सीमा को अलग-अलग तरीके से प्रतियोगिताओं में डाला गया।

#### प्रथम प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का परिणाम:

| स्थान | प्रतिभागी का नाम | पद | नियुक्ति का स्थान |
|---|---|---|---|
| प्रथम | श्री संजय कुमार ठाकुर | वैज्ञानिक-एफ | राज्य सूचना-विज्ञान केंद्र, हि.प्र. |
| द्वितीय | श्री चुन्नी लाल | वैज्ञानिक-डी | राज्य सूचना-विज्ञान केंद्र, हि.प्र. उच्च न्यायालय कार्यालय |
| तृतीय | श्री पंकज | आशुलिपिक-डी | राज्य सूचना-विज्ञान केंद्र, हि.प्र. |

#### द्वितीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का परिणाम:

| स्थान | प्रतिभागी का नाम | पद | नियुक्ति का स्थान |
|---|---|---|---|
| प्रथम | श्री चेतन सैनी | वैज्ञानिक अधिकारी - एसबी | जिला सूचना-विज्ञान केंद्र, मंडी |
| द्वितीय | श्री विनोद कुमार गर्ग | वैज्ञानिक-एफ | राज्य सूचना-विज्ञान केंद्र, हि.प्र. |
| तृतीय | श्री चुन्नी लाल | वैज्ञानिक-डी | राज्य सूचना-विज्ञान केंद्र, हि.प्र. उच्च न्यायालय कार्यालय |

## हिंदी संगोष्ठी

हिंदी कार्यशाला के आयोजन के दौरान हिंदी संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र, हिमाचल प्रदेश के समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों ने भाग लिया। संगोष्ठी के दौरान श्री अजय सिंह चैहल जी, राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी ने राजभाषा के विषय में अपने विचार व्यक्त किए एवं सभी का मार्गदर्शन, तथा विशेषकर नव नियुक्त अधिकारिओं का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि राजभाषा कार्यशाला एवं संगोष्ठी के दौरान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं एवं अन्य गतिविधियां जारी रहनी चाहिए। जिससे हिंदी में कार्य करने के लिए सभी का मनोबल बढ़ता रहेगा।

हिंदी कार्यशाला एवं संगोष्ठी का कार्यक्रम दिनभर जारी रहा एवं राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र, हिमाचल प्रदेश के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने कार्यालय में राजभाषा हिंदी के शत-प्रतिशत प्रयोग को सुनिश्चित करने हेतु अपने-अपने विचार रखे एवं अपने-अपने अनुभवों को साझा किया, जो कि सभी के लिए अत्यंत प्रेरणादायी रहे। नव नियुक्त अधिकारिओं ने भी बढ़-चढ़ कर अपने विचार व्यक्त किये तथा हिंदी में कार्य करने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाई।



हिंदी कार्यशाला एवं संगोष्ठी के दौरान उपस्थित समस्त अधिकारी व कर्मचारी

### दिनांक 17-02-2026 को हिंदी कार्यशाला में उपस्थित अधिकारी:

| राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र, हिमाचल प्रदेश राज्य केंद्र | | |
|---|---|---|
| 1 | श्री अजय सिंह चैहल | राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी / वैज्ञानिक-जी |
| 2 | श्री संदीप सूद | वैज्ञानिक-जी |
| 3 | श्री ललित कपूर | वैज्ञानिक-एफ |

| | | |
|---|---|---|
| 4 | श्री संजय कुमार | वैज्ञानिक-एफ |
| 5 | श्री संजय शर्मा | वैज्ञानिक-एफ |
| 6 | श्री विनोद कुमार गर्ग | वैज्ञानिक-एफ |
| 7 | श्री संजय कुमार ठाकुर | वैज्ञानिक-एफ |
| 8 | श्री शैलेंद्र कौशल | वैज्ञानिक-एफ |
| 9 | श्री पी. एस. कन्नन | वैज्ञानिक-ई |
| 10 | श्री आशीष शर्मा | वैज्ञानिक-डी |
| 11 | श्री मंगल सिंह | वैज्ञानिक-डी |
| 12 | श्री मुकेश कुमार | वैज्ञानिक-डी |
| 13 | राजेश कुमार यदुभूषणम | अनुभाग अधिकारी |
| 14 | विनय डोगरा | सहायक अनुभाग अधिकारी |
| 15 | श्री हमेन्द्र लाल | वरिष्ठ सचिवालय सहायक |
| 16 | श्री पंकज | आशुलिपिक 'डी' |
| **हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय कार्यालय** | | |
| 17 | श्री चुन्नी लाल | वैज्ञानिक-डी |
| 18 | श्री जितेन्द्र शर्मा | वैज्ञानिक-बी |
| **जिला केंद्र, बिलासपुर** | | |
| 19 | श्री राकेश कुमार | वैज्ञानिक-डी |
| **जिला केंद्र, चंबा** | | |
| 20 | श्री संदीप | वैज्ञानिक/तकनीकी सहायक ए |
| **जिला केंद्र, कांगड़ा** | | |
| 21 | श्री अक्षय मेहता | वैज्ञानिक-एफ |
| 22 | श्री सर्वजीत कुमार | वैज्ञानिक-सी |
| **जिला केंद्र, हमीरपुर** | | |
| 23 | श्री प्रशांत कुमार | वैज्ञानिक अधिकारी एसबी |
| **जिला केंद्र, किन्नौर** | | |
| 24 | श्री बलवान सिंह | वैज्ञानिक-डी |
| **जिला केंद्र, कुल्लू** | | |
| 25 | श्री आनंद कुमार वर्मा | वैज्ञानिक अधिकारी एसबी |
| **जिला केंद्र, लाहौल स्पीती** | | |
| 26 | श्री संदीप कुमार | वैज्ञानिक अधिकारी एसबी |
| 27 | श्री जगदीप | वैज्ञानिक/तकनीकी सहायक ए |

| | | |
|---|---|---|
| **जिला केंद्र, मंडी** | | |
| 28 | श्री चेतन सैनी | वैज्ञानिक अधिकारी एसबी |
| **जिला केंद्र, शिमला** | | |
| 29 | श्री दीपक कुमार | वैज्ञानिक-सी |
| **जिला केंद्र, सिरमौर** | | |
| 30 | श्री मोहन राकेश अग्रवाल | वैज्ञानिक-ई |
| **जिला केंद्र, ऊना** | | |
| 31 | श्री भूपिंदर सिंह | वैज्ञानिक-डी |